दिन– रविवार दिनांक– 17/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राजगीर में खेले जा रहे महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में आज भारत अपने अंतिम ग्रुप–मुकाबले में जापान से भीड़ेगा। यह मुकाबला शाम चार बज कर पैंतालीस मिनट पर शुरू होगा। भारत ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार विजय का सिलसिला जारी रखते हुए कल चीन को तीन गोल से हराकर प्वायंट टेबल में शीर्ष पर बना हुआ है। आज दिन के पहले मुकाबले में मलेशिया ने थाईलैंड को शून्य के मुकाबले दो गोल से हरा दिया। इस समय चीन और कोरिया के बीच मुकाबला जारी हैं।

————————————————————

विधान परिषद की तिरहुत स्नातक सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उप चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन है। जानकारी के अनुसार अभी तक जदयू के अभिषेक झा, आरजेडी के प्रोफेसर गोपी किशन, जनसुराज के डॉ. विनायक गौतम और कई निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्नीस नवम्बर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि इक्कीस नवम्बर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। ताजा जानकारी के अनुसार नामांकन दाखिल कर चुके निर्दलीय उम्मीदवार राजेश कुमार रौशन की हृदयगति रूक जाने से मृत्यु हो गई। इसे लेकर पूरे निर्वाचन क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया है।

————————————————————

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि स्कूल संचालन अवधि में बच्चों के कोचिंग जाने पर पूरी तरह रोक है। उन्होंने कहा कि स्कूल के पठन–पाठन के समय नामांकित बच्चे कोचिंग में पाए जाने पर स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

उत्तर–पश्चिम हवा के प्रवाह के कारण राज्य के विभिन्न भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी से ठंड का अहसास बढ़ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों से सटे उत्तर बिहार के अधिकांश भागो में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता का स्तर कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में विभिन्न स्थानों पर अत्यधिक घना कोहरा छाया रहेगा। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अन्य भागो में भी घना कोहरा छाया रहने की संभावना है।

---

राज्य के विभिन्न भागों में आज से इक्कीस नवंबर तक चलने वाले पोलियों टीकाकरण अभियान की शुरूआत हो गई है। अभियान के तहत पाँच साल तक के सभी बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जायेगी। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने न्यू गार्डिनर अस्पताल में बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियों के खुराक से वंचित न रह पाये। इधर, रोहतास के प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने बच्चे पोलियों दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की। शेखपुरा में सिविल सर्जन डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने सदर अस्पताल मे पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की।

---

त्योहारों की समाप्ति के बाद अपने कार्यस्थल पर लौटने वाले प्रवासियों की सुविधा के लिए रेलवे कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। पूर्व–मध्य रेलवे आज दानापुर, पटना, मुजफ्फरपुर, जयनगर, दरभंगा, रक्सौल, बरौनी, और राजगीर समेत प्रदेश के विभिन्न स्टेशनों से उनतीस विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। पूर्व–मध्य रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि दिल्ली, कोटा, मुम्बई, अमृतसर समेत देश के विभिन्न शहरों तक ये स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं।

---

मद्य निषेद मंत्री रत्नेश सादा ने कहा है कि सिवान में जहरीली शराब से हुई मौत मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। श्री सादा ने कहा कि इस मामले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य में शराबबंदी पूरी तरह से लागू है और लोगों को इसका फायदा मिला है।

---

समाप्त